
# e-Courts Services

## उच्च एवं जनपद न्यायालयों
## के लिए
## मोबाइल ऐप्लिकेशन



# eCourts Services Mobile Application




उपलब्ध है -

Google play


Available on the App Store

# CNR

1. यदि आप अपने वाद की सी०एन०आर० (CNR) संख्या जानते हैं, तो मात्र उक्त 16 अंकों की सी०एन०आर० संख्या दिए गये स्थान पर भरकर, सर्च बटन दबाना होगा।

2. इसके अतिरिक्त QR Code उपलब्ध होने पर मोबाइल एप्प के माध्यम से ही स्कैन कर, अपने वाद की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।


3. यदी सी०एन०आर० संख्या की जानकारी नही है, तो भी आप अन्य माध्यम जैसे वाद संख्या, नाम पक्षकार, अधिवक्ता आदि के माध्यम से भी अपने वाद की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।



# SCAN QR CODE




SCAN
SCAN

eCourts Services
CNR
Case Status
Causelist
My Cases
Search by CNR
Scan QR Code
How to
a. If you know the CNR Number of the Case, enter the 16 alphanumeric CNR Number without any - (hyphen) or space.
b. On Clicking the search button, the current status and entire history of the case will be shown.
c. If you don't know the CNR number of the Case then it can be searched by other options like Case Registration Number, Party Name, Advocate Name etc. For this, click on the Case Status image
d. Click on Case Number to view current status, entire history and orders/judgments delivered in the case.
New version 1.3 Available
Disclaimer
eCourts Services
Add Case
Case History
Sub Court,Avinashi
Case Details
Case Status
QR Code
Petitioner and Advocate
Respondent and Advocate
Acts


# Case Status

वाद नाम पक्षकार, वाद संख्या, फाइलिंग संख्या, अधिवक्ता नाम, एफ०आई०आर० संख्या, अधिनियम व धारा तथा वाद की प्रकृति के आधार पर भी देखें जा सकते हैं।




# Case Status – Search by Case Number

1. राज्य तथा जनपद का चयन करने के उपरान्त, ‘Court Complex’ का चयन करें।
2. उसके उपरान्त वाद की प्रकृति का चयन करें।
3. वाद की संख्या निर्धारित स्थान पर भरें।
4. वाद दायर करने का वर्ष निर्धारित स्थान पर भरें।
5. अब ‘Go’ बटन पर क्लिक कर, आप अपने वाद की जानकारी पा सकते हैं।
6. ‘Case History' में आप वाद में अब तक हुई कार्यवाही का संक्षिप्त ब्यौरा पा सकते हैं।



# Case Status – Search by Party Name

1. पूर्व की भांति ‘Court Complex’ का चयन करने के उपरान्त पक्षकार के अंग्रेजी नाम के न्यूनतम तीन अक्षर भरने होते हैं।
2. जैसे यदि नाम “Ramesh Narayan Yadav” है, तो उसके लिए Ramesh, Narayan, Yadav, Ram, Nar आदि भरा जा सकता है।
3. पक्षकार के नाम से तात्पर्य, वादी, प्रतिवादी, अभियुक्त, परिवादी, अपीलार्थी, प्रत्यर्थी आदि से है। निर्धारित स्थान पर वाद योजित किए जाने का वर्ष भरें।
4. यदि वाद लंबित है तो ‘Pending’ और यदि निस्तारित हो चुका है तो ‘Disposed’ विकल्प चुने। जानकारी ना होने पर ‘Both’ विकल्प चुने।
5. ‘Go’ बटन दबाने पर आपके समक्ष उन वादों की सूची आ जायेगी, जो नाम पक्षकार की शर्त पूरी करते होंगे। उनमें आप अपना वाद चयनित कर सकते हैं।
6. ‘Case History' में आप वाद में अब तक हुई कार्यवाही का संक्षिप्त ब्यौरा पा सकते हैं।




# Case Status – Search by Filing Number

1. पूर्व की भाँति ‘Court Complex’ का चयन करने के उपरान्त ‘Filing Number’ के स्थान पर वाद का Filing Number ‘Year’ के स्थान पर वाद दाखिल करने का वर्ष भरें।


2. इसके उपरान्त ‘Go’ बटन पर क्लिक कर, आप अपने वाद की जानकारी पा सकते हैं।

3. ‘Case History' में आप वाद में अब तक हुई कार्यवाही का संक्षिप्त ब्यौरा पा सकते हैं।




# Case Status – Search by FIR Number

1. इसके लिए पुनः सर्व प्रथम ‘Court Complex’ का चयन कर करना होगा। इसके उपरान्त पुलिस थाना का चयन करना होगा।
2. ‘FIR Number’ के स्थान पर एफ०आई०आर० संख्या तथा ‘Year’ के स्थान पर वर्ष भरना होगा।
3. इसके उपरान्त Pending, Disposed अथवा Both का विकल्प चुने।
4. अब ‘Go’ बटन पर क्लिक कर, आप अपने वाद की जानकारी पा सकते हैं।
5. ‘Case History' में आप वाद में अब तक हुई कार्यवाही का संक्षिप्त ब्यौरा पा सकते हैं।




# Case Status – Search by Advocate

1. वाद अधिवक्ता के आधार पर भी खोजा जा सकता है। इसके लिए अधिवक्ता नाम, बार पंजीकरण संख्या अथवा अधिवक्ता दैनिक सूची के विकल्प का प्रयोग किया जा सकता है।
2. ‘Advocate Name’ विकल्प में अधिवक्ता के अंग्रेज़ी नाम के न्यूनतम तीन अक्षर भरने होंगे।
3. इसी प्रकार बार पंजीकरण संख्या की जानकारी होने पर संबंधित विकल्प को चुनकर, पंजीकरण संख्या UP/XXXX/1982 (जहाँ UP राज्य दर्शाता है, XXXX बार पंजीकरण संख्या है तथा 1982 पंजीकरण वर्ष है) भरकर वादों की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
4. इसी प्रकार ‘Date Caselist’ विकल्प के माध्यम से एक अधिवक्ता अपनी पंजीकरण संख्या का प्रयोग करते हुए किसी विशेष तिथि पर नियत समस्त मामलों की सूची प्राप्त कर सकता है।




# Case Status – Search by Act

1. अधिनियम व धारा की जानकारी होने पर भी वाद को खोजा जा सकता है। यद्यपि ऐसी सूची लंबी होती, परन्तु अन्य विकल्प के माध्यम से वाद खोजे जाने में असफल होने पर इस विकल्प का प्रयोग किया जा सकता है।
2. अधिनियम को खोजने के लिए कुछ अक्षर भरकर, सर्च बटन दबाएं, जिसके उपरान्त अधिनियमों की सूची में अधिनियम का चयन करने के उपरान्त ‘Under Section’ के स्थान पर धारा भरनी होगी। धारा नही भरने पर अधिनियम की समस्त धाराओं से संबंधित समस्त मामलों की सूची सामने आयेगी।
3. यहाँ आपको ‘Pending’ अथवा ‘Disposed’ का विकल्प दिया गया है।




# Case Status – Search by Case Type


1. वाद की प्रकृति के आधार पर भी वाद को खोजा जा सकता है।
2. वाद की प्रकृति तथा दायर होने का वर्ष भर, Pending अथवा Disposed विकल्प चुनकर वादों की सूची प्राप्त की जा सकती है।



# Cause List

आप संपूर्ण भारत में किसी भी न्यायालय की दैनिक सूची एप्प के माध्यम से निकाल सकते हैं। इसके लिए आपको मात्र उस न्यायालय को चुनना होगा। सर्व प्रथम राज्य, जिला तथा न्यायालय भवन या काम्प्लैक्स का चयन करना होगा। इसके उपरान्त न्यायालय का नाम चुनकर, दीवानी अथवा फौजदारी मामलों की दैनिक सूची प्राप्त की जा सकती है।



# My Cases

खोजे गये वाद को आप भविष्य में त्वरित रूप से देखने के लिए उन्हें "My Case" के रूप में सुरक्षित रख सकते हैं। इसके लिए मात्र वाद को खोजने के उपरान्त "+" बटन पर क्लिक करना होता है। Refresh करने पर वाद की जानकारी अपडेट हो जाती है।

